हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025







गुरुवार को पुलिस मैदान में रावण दहन देखने उमड़ी भीड़। राम लक्ष्मण की पूजा करते नगर विधायक अमर अग्रवाल।

## धूमधाम से मनाया गया असत्य पर सत्य की विजय का पर्व

# प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने से ही विकसित समाज का निर्माण हो सकता है : अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

*नवरात्रि के नौ दिन बाद गुरुवार को दसवें दिन असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय पुलिस मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन हुआ, यहां रिमझिम बारिश के बीच विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, उसके बाद विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के बाद सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी।*

शहर में रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड में किया गया। नगर निगम और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में यहां 70 फीट ऊंचा रावण का पुतला बनाया गया था। शाम 6.30 बजे आयोजित रावण दहन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम महापौर अमित कुमार, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम महापौर पूजा विधानी, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सिंह, गुलशन ऋषि, मनीष अग्रवाल सहित जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी, स्टाफ, पार्षद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। रावण दहन से पहले शानदार आतिशबाजी की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर जीत का प्रतीक है। 14 वर्ष वनवास के बाद प्रभु श्रीराम ने लंका जाकर रावण का वध किया था। उन्होंने कहा कि श्रीराम को आदर्श मानकर और उनके आदर्शों पर चलकर ही आगे बढ़ा जा सकता है। त्रेता युग में वनवास काटने के बाद वे अयोध्या लौटे थे, लेकिन इस कलयुग में वर्षों वनवास में जाने के बाद अब जाकर अयोध्या में उनका आगमन हुआ है। यह हम सबका सौभाग्य है कि रामलला फिर अयोध्या वापसलौट गए हैं और हम सब उनके आगमन के साक्षी बने हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी पर प्रभु श्रीराम की कृपा है। उनके मार्ग पर चलते हुए हम सब समाज में फैली कुरीतियों और बुराइयों को समाप्त कर समरस और विकसित समाज का निर्माण करें।

## रिमझिम बारिश के बीच जला रावण का विशाल पुतला, आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### अधर्म पर धर्म की जीत

रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में 65 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया गया। हिन्दुस्तानी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश में कोई भी ग्राउंड खाली नहीं है। सभी लोग अपने घर से बाहर आकर बुराई का अंत करने निकले हैं। अधर्म पर धर्म की जीत होती है। यहां 75 वर्ष की परंपरा बिलासपुर में शुरु हुई थी। यह सौभाग्य है कि रेलवे पहले डिवीजन था फिर जोन बना। रेलवे सकरात्मक ऊर्जा का केन्द्र रहा है। सदैव यहां सकारात्मक कार्य के लिए रेल अफसरों ने सहयोग किया। हम सभी संकल्प लें कि समाज में आपसी प्रेम सद्भाव बनाकर रहेंगे। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, डीआरएम राजमल खोईवाल सहित हिंदुस्तानी सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्य सहित रेल कर्मचारी और लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में दशहरा उत्सव में शहर विधायक अमर ने कहा**

## पांच सौ साल बाद श्रीराम की अयोध्या वापसी के हम सब प्रत्यक्षदर्शीः अमर

लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि त्रेतायुग के लोगों को भगवान श्रीराम को वनवास से अयोध्या वापसी करते हुए देखने का अवसर मिला था। उसके बाद अब कलयुग में पांच सौ सालों के वनवास के बाद भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी का एक-एक बच्चा प्रत्यक्षदर्शी है। उन्होंने कहा कि दशहरे पर रावण का दहन हमें इस बात की प्रेरणा देता है कि जीत हमेशा ही सत्य की होती है।

मुख्य अतिथि के रूप में श्री अग्रवाल ने सबको विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे प्रभु श्रीराम से सबके जीवन की खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं, साथ ही हम सभी श्रीराम के आदर्शों पर चलते रहें ऐसा आशीर्वाद मांगते हैं। उन्होंने समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष दो-दो रावण दहन की परंपरा पर कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस साल समिति द्वारा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार स्वरूप एक रावण का पुतला बनाया गया है, जिसका दहन किया जाएगा। आजादी की लड़ाई के दौरान एक बार महात्मा गांधी ने विदेशी वस्तुओं की होली जलाई थी।

### बस 5 मिनट में तुम्हारा हा,,हा,,हा हो जाएगा

मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल के उद्बोधन के दौरान प्रस्तुत झांकी में रावण की भूमिका निभाने वाले कलाकार के द्वारा मंच के ठीक सामने जाकर श्री अग्रवाल के सामने ही जोर-जोर से अट्टहास किया गया। अट्टहास इतनी जोर से किया गया कि श्री अग्रवाल को बोलना पड़ा कि बस पांच मिनट बाद ही तुम्हारा हा,,हा,,हा होने ही वाला है।

### बारिश में भीगते रहे लोग

लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में किसी भी तरह का शेड नहीं होने के कारण लोगों को बारिश में भीगना पड़ा। हालांकि बारिश तेज तो नहीं थी, लेकिन इतनी बारिश होती रही कि लोगों के कपड़े गीले हो गए। इस दौरान लोग अपने तौलिए, साड़ी के पल्लू, छतरी व पॉलिथीन से अपना व अपने छोटे बच्चों के सिर ढंकते नजर आए।



रेलवे नार्थ मैदान में रावण दहन किया गया।

# दुर्गा विसर्जन पर रहेगी शहर में चौक-चौबंद सुरक्षा



दुर्गा विसर्जन के दौरान शोभा यात्रा, जुलूस, झांकी एवं अन्य कार्यक्रम आदि को दृष्टिगत रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। शहर के चौक चौराहों पर सुरक्षा के लिए विशेष बल तैनात रहेगी। इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसएसपी श्री सिंह ने व यातायात प्रमुख ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों और शहर के अन्य क्षेत्रों से विसर्जन एवं शोभा यात्रा में शामिल होने आने वाले श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों एवं आम नागरिकों व वाहन चालको को यातायात नियमो के प्रति संवेदनशील एवं सदैव नियम अनुसार सड़कों पर चलने अपील की गई है।

- दुर्गा विसर्जन के लिए शोभा यात्रा, झांकी के दौरान डायवर्सन, नो एंट्री, पार्किंग, एकांगी मार्ग का उपयोग करें
- चौक चौराहे प्रमुख मार्गों एवं क्षेत्र एवं समस्त बीट एवं यातायात पॉइंट पर लगाया जा रहा अतिरिक्त बल

यातायात पुलिस द्वारा जिला प्रशासन, नगर निगम एवं सम्बन्धित अन्य अधिकारियों से समन्वय करते हुए विसर्जन स्थल का अवलोकन एवं निरीक्षण कर सभी क्षेत्रों से आने वाले मां दुर्गा की झांकियां के दौरान सरल, सुगम, सुव्यस्थित और सुचारू आवागमन रूट में पर्याप्त बल लगाई गई है। समस्त दुर्गा उत्सव समिति से समन्वय कर यातायात नियमों को बाधित न करते जुलुस वाले मार्ग में टेंट एवं पंडाल लगाने का अनुरोध किया गया। यातायात पुलिस द्वारा शहर के समस्त चौक चौराहे प्रमुख मार्गों एवं क्षेत्र एवं समस्त बीट एवं यातायात पॉइंट पर अधिक से अधिक बल लगाई जा रही है। विभिन्न समितियां से अपील की गइै कि जुलूस के दौरान साउंड सिस्टम या अग्र भाग के पीछे श्रद्धालुओं का जो भीड़ होता है उसके लिए समिति के द्वारा वालंटियर की नियुक्ति कर यातायात व्यवस्था बनाए जाने में सहयोग प्रदान करें। जुलूस के दौरान समस्त दुकान संचालकों, फुटकर व्यापारियों, फेरी लगाने वाले व्यापारियों, फल, ठेला, गुमटी एवं अन्य व्यवसायियों सभी से अपील किया गया है कि मुख्य मार्ग को छोड़कर ही अपने व्यवसाय का संचालन करें।

झांकी, जुलूस या शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के द्वारा फोर व्हीलर, थ्री व्हीलर एवं टू व्हीलर वाहनों के माध्यम से झांकी के मध्य प्रवेश करने का प्रयास की जाती है जिससे अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है। इसके लिए डायवर्सन रूट बनाकर परिवर्तित मार्ग से वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए निर्देश दिए जाएं। मां दुर्गा की शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की यातायात संबंधी कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को मां दुर्गा के जुलूस में शामिल होकर इस पवित्र त्यौहार का आनंद एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की गई है।



विजयादशमी के अवसर पर गुरुवार को आरएसएस के पथ संचलन में शामिल हुए स्वयंसेवक।

### सिम्स के सामने फिर लगने लगा जाम



**बिलासपुर।** सिम्स की बाउंड़ी से लगे जगहों पर एक बार फिर एम्बुलेंस, गुमटिया और ठेले लगने लगे है। इससे सड़क पर जबरदस्त जाम लगने लगा है। दुर्गोत्सव के चलते सड़कों पर पहले से ही वाहन और लोगों की भीड़ मौजूद है ऐसे में यहां से होकर गुजरना लोगों के लिए खासी परेशानी का सबब बन रही है। पुलिस और निगम प्रशासन की ओर से जाम की समस्या को दूर करने कोई खास पहल नहीं की गई है।

**राज्य जीएसटी विभाग की टीम बाजारों में सक्रिय**

# जीएसटी छूट की जांच करने ग्राहक बनकर बाजारों में उतरे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीएसटी 2.0 की अधिसूचना लागू होने के बाद अब राज्य जीएसटी विभाग की टीम बाजारों में सक्रिय हो गई है। नई दरों में दी गई छूट ग्राहकों तक पहुंच रही है या नहीं, इसकी जांच के लिए बिलासपुर, रायपुर समेत प्रदेशभर के प्रमुख शहरों में अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारी बाजारों और शो-रूम में जाकर ग्राहकों से सीधे बात कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे कि दुकानदार सही दरों पर सामान बेच रहे या नहीं।

- जानकारी डिस्प्ले करने और पुराने-नए एमआरपी को स्पष्ट करने के भी निर्देश

जीएसटी के अधिकारियों ने बताया कि, वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़, कोरबा, जगदलपुर और अंबिकापुर जैसे शहरों में विशेष टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें रिटेल स्टोर से लेकर थोक बाजारों तक रेंडम जांच कर रही है। यदि किसी दुकान में छूट का लाभ ग्राहकों तक नहीं पहुंच रहा तो दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही दुकानों में जीएसटी दरों की जानकारी डिस्प्ले करने और पुराने-नए एमआरपी को स्पष्ट करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### सरकार मना रही बचत उत्सव

गौरतलब है कि राज्य सरकार इन दिनों जीएसटी बचत उत्सव भी मना रही है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और विधायक बाजारों में पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं और ग्राहकों से बातचीत कर रहे हैं। शो-रूम संचालकों को भी पोस्टर और सूचना-पट लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे खरीदारों को नई दरों की पूरी जानकारी मिल सके। गौरतलब है कि, केंद्र सरकार ने 22 सितंबर से कई वस्तुओं पर जीएसटी दरें घटाई हैं। इसमें टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर, कृषि उपकरण और दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। अब विभागीय स्तर पर यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है कि आम उपभोक्ताओं को इसका वास्तविक लाभ मिले।

### नगर सैनिक का नशे में झूमते वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** दुर्गा पंडाल में लोगों की सुरक्षा में तैनात नगर सैनिक नशे में धुत होकर झूमने लगा, इसका वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने नगर सैनिक के खिलाफ कार्रवाई करने कमांडेट को प्रतिवेदन भेजा है। गुरूवार को सोशल मीडिया में यदुनंदननगर दुर्गा पंडाल के पास नशे में धुत खाकीवर्दीदारी झूमते हुए घूम रहा था। लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, खाकीवर्दीधारी होमगार्ड कैम्प में नगर सैनिक है। उसकी नवरात्री में यदुनंदननगर दुर्गा पंडाल में सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई थी। ड्यूटी के दौरान उनसे शराब पी ली। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि नशे में मिलने वाला नगर सैनिक प्रशांत रावत 135 है। उसकी ड्यूटी कानून व्यवस्था में लगाई गई थी। सिरगिट्टी पुलिस के द्वारा उसका मुलाहिजा कराया गया। उसके खिलाफ अनुशासनात्म कार्रवाई के लिए कमांडेट को प्रतिवेदन भेजा गया है।

**गिरिदावरी की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट पर्याप्त**

# एग्रीस्टेक पंजीयन के बिना भी धान बेच सकेंगे 762 वन अधिकार पट्टाधारक किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं करा पाने वाले जिले के 762 वन अधिकार पट्टा धारक किसान भी अपनी फसल सहकारी समितियों में बेच सकेंगे। इनके लिए केवल गिरिदावरी की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को ही समर्थन मूल्य पर धान बेचने की सहमति के लिए पर्याप्त माना गया है।

- जिले में 1 लाख 25 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन होना है

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचने के लिए किसान एग्रीस्टेक पंजीयन कराने एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। हालांकि जिले में करीब एक लाख 14 हजार किसानों ने अपना पंजीयन एग्रीस्टेक में करा लिया है, लेकिन नहीं करा पाने वाले किसानों में 762 ऐसे भी किसान शामिल हैं, जो वन अधिकार पट्टा धारक हैं। एग्रीस्टेक पंजीयन के दौरान वन अधिकार पट्टा धारक किसानों को पंजीकृत करने लिए किसी भी तरह का विकल्प अब तक नहीं दिखाए जाने के कारण ऐसे किसानों की गिरिदावरी के भौतिक सत्यापन रिपोर्ट को ही पर्याप्त माना गया है।

ऐसे किसानों को अब एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। जिले में 1 लाख 25 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन होना है, जिसके अंतर्गत आज की स्थिति में एक लाख 14 हजार के करीब किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। 11 हजार 971 किसान अब भी पंजीयन से छूटे हैं। इनमें 762 किसान वन अधिकार पट्टाधारक भी शामिल हैं।

### समितियों में होगा पंजीयन

वन अधिकार पट्टा धारक किसानों का सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन जरूरी नहीं होगा। इनके प्रकरणों में गिरिदावरी की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट ही पर्याप्त होगी। इस आधार पर इनका समितयों में पंजीयन हो जाएगा।

-पीडी हथेश्वर, डीडीए बिलासपुर

### चोर को मकान मालिक ने पकड़ा




**बिलासपुर।** बंद घर में चोरी करने आलमारी की तलाशी लेते एक युवक को मकान मालिक ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, परसदा निवासी नंदकिशोर यादव 26 साल 1 अक्टूबर को शाम 7 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर टांसपोर्ट नगर चले गए थे। कुछ देर बाद वे घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो एक युवक आलमारी की तलाशी ले रहा था। उन्होंने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़ा गया युवक परसदा निवासी रंजीत उर्फ बंटी यादव पिता जोहन लाल यादव 21 साल है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल टीम ने बापू के संदेश को किया याद



लोरमी। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मेडिकल टीम लोरमी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा की साफ-सफाई कर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू को याद किया। ज्ञात हो कि, महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को पोरबंदर गुजरात में हुआ था। गांधी जी बचपन से ही सत्य और अहिंसा का संदेश देते रहे। उन्होंने छुआछूत व भेदवाव को दूर कर सबको एक साथ चलने का संदेश दिया था। उनके संदेश आज भी मानव समाज के लिए अनुकरणीय हैं। इस अवसर पर मेडिकल टीम के ब्लॉक अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू एवं सचिव मुकेश कश्यप आदि उपस्थित थे।

### गांधी जयंती पर नगर में स्वच्छता शपथ व श्रमदान



करगी रोड कोटा। गांधी जयंती पर नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। नपं अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक, सीएमओ राहुल कुमार यादव सहित कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने गांधीजी के स्वच्छता संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के तहत नाका चौक से लोरमी रोड व बस स्टैंड रोड तक श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। प्लास्टिक पॉलिथीन पर रोक लगाने की शपथ दिलाई गई और उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया। यह आयोजन नगरवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बना।

### जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस प्रदर्शन आज

तखतपुर। बढ़ती बिजली दर, खराब सड़क, जर्जर पुल निर्माण एवं खाद की समस्या को लेकर आज कांग्रेस पार्टी की ओर से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेसी कार्यकर्ता बिजली आफिस का घेराव करेंगे एवं दोपहर 12 बजे पुल के पास धरना-प्रदर्शन करेंगे। यह जनकारी नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने दी।

### झांकी एवं जसगीत प्रतियोगिता में शामिल होंगे तोखन

तखतपुर। ग्राम सिलतरा में श्रीमद भागवत कथा, भव्य झांकी एवं जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर को गायत्री चौक में किया जा रहा है। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू उपस्थित रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक धर्मजीत सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश सूर्यवंशी, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, संतोष कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

### रात में सोते हुए घर से गायब हुई नाबालिग, मामला दर्ज

तखतपुर। नाबालिग लड़की के अपहरण की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक 16 वर्षीय बच्ची रात में सोते हुए अचानक गायब हो गई। सुबह लड़की को अपने कमरे में ना पाकर उसके पिता ने आस-पड़ोस व रिश्तेदारी में उसकी तलाश की, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। मामले की शिकायत पर पुलिस ने धारा 37 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन



### चंद्रशेखर दुबे

बिलासपुर। माँ चंद्रकांता कॉलोनी राजकिशोर नगर निवासी चंद्रशेखर दुबे (गुड्डू) का आज बंगलुरु में निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 3 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे उनके निवास राजकिशोर नगर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे हरिशंकर दुबे के सुपुत्र एवं अंचल दुबे (पार्षद) व आर्यन दुबे के पिता थे।



### नंदकिशोर बुधिया

बिलासपुर। विवेकानंद कंपनी गार्डन के सामने रहने वाले नंदकिशोर बुधिया पिता स्व. अंतूलाल बुधिया का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 अक्टूबर सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सत्यनारायण, श्रीकांत बुधिया, किशन बुधिया के भाई एवं विमल, संजय बुधिया के पिता थे।



### श्याम सिंह ठाकुर

बिलासपुर। अरविंद मार्ग सरकंडा निवासी श्याम सिंह ठाकुर का 2 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को शाम 4 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे एकता सिंह के पति, अंजली, अनन्या, आदर्श के पिता थे।



### फंटूश अग्रवाल

मस्तूरी। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी फंटूश अग्रवाल 68 वर्षीय का 2 अक्टूबर गुरुवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गोविंद अग्रवाल के पिता थे।



### बुधवारा बाई रजक

तखतपुर। ग्राम कठमुंडा निवासी बुधवारा बाई रजक 65 वर्ष का 2 अक्टूबर को निधन हो गया। वे बिसाहू रजक, विशाल रजक के माता और सूरज रजक, सुरेंद्र रजक के दादी थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कठमुंडा में किया गया।



### सुरुज बाई निषाद

लोरमी। ग्राम गांधीडीह वार्ड क्रमांक 8 निवासी सुरुज बाई निषाद का 100 वर्ष की आयु में गुरुवार का निधन हो गया। इनकी अंतेष्टि स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुई। ये मोहित, हेमंत, गणेश निषाद की माता एवं संतोष, अशोक, नंदू, तिलक व मनोज निषाद की दादी थीं।

**एनटीपीसी सहित अंचल में मनी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती**

# समर्पण व ईमानदारी ही सच्चे नेतृत्व की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



एनटीपीसी सीपत में महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गरिमामय और प्रेरणादायी माहौल में मनाई गई। परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक विजय कृष्ण पाण्डेय के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक शामिल हुए। प्रभात फेरी का उद्देश्य स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छ भारत अभियान के संदेश को समाज तक पहुंचाना था।

टाउनशिप परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में श्री पाण्डेय ने दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। श्री पाण्डेय ने कहा कि, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री ने अपने जीवन से यह सिखाया कि सादगी, ईमानदारी और समर्पण ही सच्चे नेतृत्व की पहचान है। गांधीजी का 'स्वच्छ भारत' का सपना तभी साकार होगा जब हम सभी अपने परिवेश को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाएं। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए। गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई मित्रों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से उनके अथक परिश्रम और अमूल्य योगदान की सराहना की गई। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सीपत सब्जी हाट में विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। बाजार क्षेत्र की साफ-सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक स्वप्न कुमार मंडल, महाप्रबंधक सुरोजीत सिन्हा, अपर महाप्रबंधक जयप्रकाश सत्यकाम, सीआईएसएफ के उप कमांडेंट कपिल सुधाकर कामडी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन-एसोसिएशन के सदस्य व कर्मचारी शामिल रहे।

## कलेक्टोरेट परिसर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



मुंगेली। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस प्रार्थना सभा में जिला कलेक्टर व संरक्षक कुन्दन कुमार, सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय, नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन जिला आयुक्त एलपी डाहिरे एवं जिला संघ उपाध्यक्ष रामशरण यादव आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। अंत में अतिथियों ने जिला संघ की ओर से आयोजित बेसिक प्रशिक्षण शिविर का प्रमाण पत्र वितरण किया। सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि, प्रार्थना सभा में उपस्थित विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि अपने-अपने धर्मों के माध्यम से पूरे देश व समाज में शांति और भाईचारा का संदेश देते हैं। प्रार्थना सभा का आयोजन प्रतिवर्ष होना चाहिए। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती व विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कलेक्टर ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों, स्काउट गाइड के सदस्यों व जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी सब मिलकर बापू को माल्यार्पण किया। उनके त्याग, बलिदान और आदर्श को याद किया। बापू के सत्य, अहिंसा व आदर्श को आज भी भारत ही नहीं वरन पूरा विश्व याद करता है। लालबहादूर शास्त्री के बारे में उन्होंने कहा कि, शास्त्री जी ने देश निर्माण के समय कठिन परिस्थितियों में कार्य कर देश को आगे बढ़ाया, ऐसे दोनों महापुरूषों को सादर नमन। आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे तथा कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेन्द्र दिवाकर ने किया। इस अवसर पर डीएमसी अशोक कश्यप, एमआईएस प्रशासक मुन्नालाल देवांगन, एबीईओ विमित्रा घृतलहरे, सेजेस प्राचार्य व मुख्यालय आयुक्त आईपी यादव, बीआरसी डीसी डाहिरे, जिला सचिव मोनू बेलदार, खंड सचिव जयबहादूर सिंह खाण्डेकर, संतोष मिश्रा, सुनील पाठक, शत्रुहनलाल कूलमित्र, पूनम शर्मा, कार्यालयीन स्टाफ, बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त स्काउटर, गाइडर व छात्र-छात्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## गांधी के विचार आज भी हर पहलू में प्रासंगिकः डॉ खेर



सीपत। मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने कहा कि, महात्मा गांधी के विचार जीवन के हर पहलू को प्रभावित करने वाले रहे हैं। चाहे आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र हो या फिर स्त्री, बच्चे और पर्यावरण। सभी के प्रति उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। हमें उनके बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर समाज और देश को नई दिशा देने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ एमडी स्वर्णकार ने भी विचार रखे। स्वयंसेवक आरती धीवर ने गांधी जी के सत्य और अहिंसा पर आधारित प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर नीना बखरिया, श्वेता पंड्या, डॉ शुभ्रा मिश्रा, जीवन प्रभाकर गोरे, प्रो वंदना श्रीवास्तव, डॉ हेम पुष्पा नायक सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों में मिथलेश कुमार, आरती पनोरे, संगीता साहू, काजल यादव, मोनिका, लक्ष्मी धीवर, प्रकाश भवानी, मनोज, देवी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन संगीता साहू ने किया और आभार प्रदर्शन आरती ने किया। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे द्वारा किया गया। गोष्ठी के बाद स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर गांधी जी के स्वच्छता संदेश को साकार रूप दिया।

## नवोदय विद्यालय में गांधी, शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम



मल्हार। जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित गांधी और शास्त्री जयंती कार्यक्रम मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं गांधी जी का प्रसिद्ध भजन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी खुशी जयसवाल ने शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधायक लहरिया ने कहा कि, गांधीजी ने कठिन परिस्थितियों से निकाल कर देश को आजादी दिलवाई थी। उन्होंने कहा कि, विद्यार्थियों को महान व्यक्तियों की पुस्तक पढ़नी चाहिए। उन्हें ज्यादा से ज्यादा पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए ताकि, ज्ञान प्राप्त हो सकें और अपने जीवन को संवार सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एमके श्रीवास्तव ने दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी के संघर्षों को याद किया। साथ ही उन्होंने शास्त्री जी को याद करते हुए कहा कि, शास्त्री जी एक बहुत गरीब घर में पैदा हुए थे। अपनी मेहनत और अध्ययन के बदौलत वे देश के प्रधानमंत्री बने और जीवन भर सादा जीवन व्यतीत करते रहे। उप प्राचार्य पीसी झा ने कहा कि, हिंसक एवं संघर्षों की इस दुनिया में गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं स्वदेशी का विचार पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक हैं।

■ गांधी ने कठिन परिस्थितियों में देश को आजादी दिलाईः लहरिया

## बरेला पंचायत में दिव्यांगों व वरिष्ठों का किया सम्मान





जरहागांव। नगर पंचायत बरेला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर वरिष्ठें एवं दिव्यांगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता कार्यक्रम में सहभागिता देने वालों एवं नगर पंचायत कर्मचारियों का सम्मान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि, वरिष्ठजन समाज की रीढ़ की हड्डी हैं, उनके बिना समाज का उत्थान अधूरी होता है। उन्होंने कहा कि, नगर में अनेक दिव्यांग हैं, जिनका सहयोग करना समाज का दायित्व होता है। इस अवसर पर गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई एवं उनके विचारों का अनुसरण किया गया। समारोह में अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, नगर के वरिष्ठ व्यापारी घनश्याम अग्रवाल, दीपक अग्रवाल एवं पार्षद संजय धुरी, बंटी सेमरिया, संजय निर्मलकर, नितेश पटेल, विजय दीवान, बबलू पटेल, जया रमेश पटेल, हीरालाल पटेल, मुन्नी पवन पटेल, पिंटू धुरी, जगदीश साहू, राजकुमार साहू, पिंकी गजानंद निर्मलकर सहित नागरिक नोहर सिंह, नरेन्द्र पटेल, हेमंत पटेल, विकास कौशिक, बलदेव सिंह, श्याम सुंदर ध्रुवंशी, मंगलू धुरी, सुरेंद्र सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिती रही।

## सर्वधर्म प्रार्थना सभा में बापू को किया गया याद



दगोरी। महात्मा गांधी ने हमें सत्य अहिंसा के रास्तों पर चलना सिखाया। उनके विचारों व सिद्धांतो पर आज हमें चलने की आवश्यकता है।

उक्त बातें गांधी चौक में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाट ने कही। उन्होंने सभी से गांधी जी के सिद्धांतों को आत्मसात करने की बात कही। सभा को ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट व स्वास्थ्य कार्यकर्ता हरीश सन्नाट ने संबोधित किया। इस अवसर पर आरएचओ रोहित कौशिक, बरन निषाद, राजकुमार, राधेश्याम, मुन्ना कौशिक, रामनाथ, दीपक सन्नाट, सचिन सन्नाट, नमित सन्नाट, साहेब कौशिक, सूरज, ताराचंद, आशीष, टोलु, बिपुल, परदेशी कौशिक, ध्रुव सन्नाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार समाज सेवी दशरथ सन्नाट ने किया।





# विद्यार्थी ही देश का भविष्य राष्ट्रहित में आगे बढ़ें

सीपत। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला में सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमीं की 24 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा सीपत मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं।

शिक्षा ही उनके सर्वांगीण विकास का मूल आधार है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हुए राष्ट्रहित में योगदान दें। जनपद पंचायत सदस्य उषा केवट ने छात्राओं को निशुल्क साइकिल मिलने पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में भाजपा बिलासपुर ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नागेश्वरी साहू, मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव, महामंत्री सतीश पाटनवार, कोषाध्यक्ष नागेश्वर सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कल्याणी साहू, ग्राम सरपंच धनलाल साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे। प्रभारी प्राचार्य संध्या सारथी ने स्वागत उद्बोधन दिया। मंच संचालन व आभार प्रदर्शन व्याख्याता मेवालाल करें ने किया। इस दौरान शिक्षक छतराम खरे, गीता साहू, अमित कुमार सोनी, मिताली सरकार, सुरेश कुमार दिनकर सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नीलम व सागर का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

लोरमी। 25 वीं शालेय संभाग स्तरीय वॉलीबॉल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में किया गया। प्रतियोगिता में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 14 वर्ष बालक वर्ग से सागर ध्रुव एवं बालिका वर्ग से नीलम शर्मा ने राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। दोनों आगामी 5 दिसंबर से 8 दिसंबर तक रायगढ़ जिले में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। कलेक्टर कुंदन कुमार, जिला शिक्षाधिकारी पीएल डाहिरे, विखं शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले, खेल प्रभारी सुबोध सिंह के कुशल मार्गदर्शन में यह जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है।

# मुंगेली जिले के 4 बदमाशों का जिलाबदर

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर दीपक साहू, पिता चन्द्रकुमार साहू निवासी वार्ड क्रमांक 12 थाना सरगांव, गरूण सिंह पिता हीरा सिंह निवासी ग्राम नगपुरा थाना सरगांव, योगेश्वर आर्मो पिता नंदलाल आर्मो निवासी ग्राम करही, थाना सिटी कोतवाली और सिद्धांत सिंह ठाकुर पिता अभिषेक सिंह ठाकुर निवासी ग्राम लालाकापा थाना सिटी कोतवाली को 6 माह के लिए जिलाबदर किया है।

इन्हें मुंगेली एवं उनके सरहदी जिला कबीरधाम, बेमेतरा, बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बलौदाबाजार-भाटापारा एवं डिंडौरी मप्र जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 6 माह की अवधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार दीपक साहू ने वर्ष 2018 से आपराधिक गतिविधियों में संलग्न होकर अवैध शराब, मादक पदार्थ गांजा का विक्रय, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने, आर्म्स एक्ट के प्रकरण, महिला के साथ छेड़छाड़ जैसे अपराध घटित किया है। गरूण सिंह पिछले 6-7 वर्षों से घर के अंदर घुसकर अश्लील गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देकर मारपीट सहित आपराधिक अभित्रास, गृह अत्याचार एवं दादागिरी का अपराध घटित किया है। इसी तरह योगेश्वर आर्मो वर्ष 2017 से लगातार बलवा, मारपीट एवं आगजनी जैसे गंभीर अपराध घटित करने और सिद्धांत सिंह ठाकुर आपराधिक प्रवृत्ति का होने के साथ ही वर्ष 2016 से लगातार बलवा, रास्ता रोककर आगजनी एवं अन्य गंभीर अपराध घटित किया है। उक्त चारों अपराधियों के कृत्य एवं अपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार परिलक्षित नहीं होने तथा उनके आपराधिक गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के साथ ही शांति व्यवस्था सदाचार बनाए रखने के लिए उपरोक्त जिलों की सीमाओं में इस आदेश के तामिल होने से 6 माह की अवधि तक किसी भी दशा में प्रवेश नहीं करने के आदेशित किया गया है।

### आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस प्रोग्राम का समापन

लोरमी। आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार द्वारा आयोजित 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का समापन हुआ। यह आयोजन खेल केंद्र, पुराना प्राइमरी स्कूल ,सौरभ होटल के पीछे, पुराना बस स्टैंड में रखा गया था। इस आयोजन में प्रशिक्षक हरजिंदर छाबड़ा ने बताया कि इस छह दिवसीय शिविर में योग, ध्यान, प्राणायाम, विशिष्ट सुदर्शन क्रिया सिखाई गई एवं जीवन जीने की कला के ज्ञान सूत्र बताए गए। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों का अनुभव बहुत ही अच्छा रहा, प्रतिभागियों का कहना है कि हम प्रतिदिन सुदर्शन क्रिया करेंगे। उन्होंने कहा कि अन्य लोगों को भी सुदर्शन क्रिया अवश्य सीख कर, नित्य अभ्यास करना चाहिए।इस आयोजन में लोरमी, झझपुरी, बोडतरा, पैजनिया, नवागांव, रवेली, आदि आसपास क्षेत्रों से लोगों ने प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के वालंटियर धर्मेंद्र साहू, रूपेश साहू, दिनेश जायसवाल, निखिल मौर्य ,गोपाल अग्रवाल, राकेश तिवारी, सूर्यकांत शर्मा,अभिजीत सिंह, बिहारी यादव, प्रमोद जायसवाल,आदित्य वर्धन, राम प्रसाद साहू, अंजना,लीना छाबड़ा, हीरा देवी साहू, मनीषा, प्रेम अग्रवाल, प्राची साहू आदि सभी वालंटियर जुटे रहे।

**बापू व शास्त्री को किया गया याद**

# स्वदेशी अपनाने के लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 2 अक्टूबर को अनेक सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी अपनाने से संबंधित कार्यक्रम मुख्य रहे। इस दौरान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया।

इसी क्रम में लौदा मंडल के ग्राम खपरी में ग्राम चौपाल लगाई गई, जिसमें मुंगेली भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा शामिल हुए। उन्होंने ग्राम के घर-घर जाकर स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत के बारे में लोगों को जनजागरूक करने का प्रयास किया। इसके पहले ग्रामीणों के बीच महात्मा गंधी और लालबहादुर शास्त्री के राष्ट्र के प्रति योगदान का बखान किया गया। हरिशंकर वर्मा ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने की आवश्यकता का उल्लेख किया। मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी ने अपने गृहग्राम खपरी में स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क कर ग्रामीणों से स्थानीय बाजार को प्राथमिकता की बात करते हुए कहा कि, भाजपा के स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत आंदोलन में एक ग्रामीण की सहभागिता ही इसे सफल बनाएगी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, मंडल उपाध्यक्ष हुकुम सिंह ठाकुर, महामंत्री अरुण साहू, सरपंच आकाश बंजारे, महेंद्र जयसवाल, शुभम मिश्रा, भोलीराम, साधेराम, बदीराम, प्रदीप साहू, अमित बंजारे, सोनू साहू, रामू साहू, सूरज पतले, बृजबिहारी, सुभाष बंजारे, दुकाला बाई यादव, बसंती जांगड़े, ओंकारेश्वरी, पूनम यादव आदि उपस्थित रहे।



# प्रशासन का प्रयास बेअसर, मुख्य मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा

धरमपुरा। जिला प्रशासन की ओर से लगातार गायों की सेवा व संरक्षण के लिए गौसेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

प्रशासनिक अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की अपील के बावजूद भी मुंगेली-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर घुमंतू मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है राहगीर इस मार्ग से गुजरते समय अपनी सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। मार्ग पर आवारा पशुओं के चक्कर में पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जिला पंचायत कार्यालय के सामने मांग पर बैठे हो ग्रामीणों ने बताया कि, यहां की स्थिति रोज ऐसे ही रहती है। साथ ही इन मवेशी फसलों को भी नुकसान पहुंचाते हैं, एवं दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है।

## खबर संक्षेप

### जयरामनगर में 30 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन



**जयरामनगर।** नवयुवक रावण दहन समिति द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम बड़ी जोर शोर से मनाया गया। माता रानी के पंडाल और हनुमान मंदिर जाकर आरती की गई और आतिश बाजी कर 30 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इस मौके पर समिति के आयुष शर्मा ,निखिल केडिया ,नैमिष राठौर, वचन शर्मा, अनिल अग्रवाल, प्रिंसू थवाईत, भावेश यादव अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदू परिषद ने किया शस्त्र पूजन



**करगी रोड कोटा।** विजयदशमी पर्व पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मां शीतलेश्वर दुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में बड़े ही धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ अस्त्र-शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच पारंपरिक रीति-रिवाज से अस्त्र-शस्त्र की पूजा-अर्चना की गई। पूजन कार्यक्रम में संगठन के सभी कार्यकर्ता बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, और मां दुर्गा से समाज में शांति, समृद्धि एवं धर्म की रक्षा की प्रार्थना की। पूजन उपरांत कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन की गतिविधियों को और अधिक मजबूती देने का संकल्प लिया। विजयदशमी के इस आयोजन को लेकर पूरे माहौल में धार्मिक उमंग और देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।

### कालरात्रि मंदिर में नौ दिन तक हुई विशेष पूजा-अर्चना

**करगी रोड कोटा।** अचानकमार अभ्यारण्य क्षेत्र अंतर्गत कोटा-पेंड्रा रोड स्थित छपरवा ग्राम स्थित



माता कालरात्रि मंदिर में नौ दिन तक विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में मंदिर के पुजारी गोलू महाराज ने मां कालरात्रि की विधिवत पूजा कर नगर व क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर परंपरा अनुसार कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और माता रानी की आराधना कर मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की।

### ग्रामीण क्षेत्रों रावण का पुतला दहन कर मनाया गया दशहरा

**जरहागांव।** नगर पंचायत जरहागांव, बरेला सहित सेमरचुवा, सेमरसल में दशहरा पर रावण का पुतला



का दहन किया गया। जरहागांव में नगर अध्यक्ष रूपाली वेद प्रकाश कश्यप, उपाध्यक्ष मनोज कश्यप, पार्षद एवं नगरजनों की उपस्थिति में रावण दहन कर दशहरा मनाया गया। नगर पंचायत बरेला में नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल सहित पार्षदों एवं नगरवासियों की उपस्थिति में रावण दहन किया गया। वहीं, सेमरसल में सरपंच प्रतिनिधि राज कुमार अनंत एवं ग्रामीणों के सहयोग से भव्य रावण का पुतला बनाया गया जिसे देखने के लिए आसपास के हजारों ग्रामीण मौजूद रहे। समरचुवा में ऐतिहासिक दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां राम, लक्ष्मण, हनुमान एवं वानर सेना की झांकी निकाल कर विधि-विधान से रावण का पुतला दहन कर दशहरा मनाया गया। उक्त आयोजन को सफल बनाने में सरपंच प्रतिनिधि टेक लाल पटेल, लोकेश कश्यप, अरविंद पटेल,चंद्रभान जायसवाल, नरेंद्र शर्मा, योगेश ध्रुव, अमित नेताम, कमल जायसवाल, अंतू देवांगन, दिनेश सहित ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

### 50 फीट रावण का पुतला रहा आकर्षण का केंद्र

**पथरिया।** धर्म की अधर्म पर, गर्व की अहंकार पर, अच्छाई की बुराई पर, सत्य की असत्य पर और अंधकार पर प्रकाश



के विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास मनाया गया। इस मौके पर नगर के मैदान में रावण दहन किया गया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। नगर मे लगभग 50 फीट का रावण आकर्षण का केंद्र रहा। दशहरा उत्सव कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, सभापति इंद्रजीत यादव, सभापति प्रतिनिधि रविन्द्र बघेल, पार्षद प्रकाश भार्गव, ओंकार यादव, बलराम जायसवाल, बलदाऊ जायसवाल, अजय यादव मौजूद रहे।

## अंचल में अच्छाई की जीत के प्रतीक का पर्व दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# धू-धू कर जला बुराई का प्रतीक रावण का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीराम, लक्ष्मण की झांकी निकालकर अहंकार के पुतले रावण का दहन किया गया। कई स्थानों पर रावण के छोटे-बड़े पुतले का दहन किया गया। वीर शहीद धनजंय सिंह स्टेडियम बीआर साव मैदान, बड़ा बाजार, दाऊपारा रेस्ट हाउस मैदान में बुराई के प्रतीक रावण का पूजा-पाठ कर वध किया गया। लोग एक-दूसरे को सोनपत्ती देकर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते रहे।

रावण वध कार्यक्रम के पहले आगर हाईस्कूल से श्रीराम-लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए वीर शहीद धनजंय सिंह स्टेडियम पहुंची। शहर के विभिन्न मार्गो में झांकी का स्वागत कर पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरूण साव, स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले व दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने राम-लक्ष्मण, हनुमान व रावण की पूजा-अर्चना कर रावण का वध किया गया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने 60 फीट के रावण एवं मेघनाथ, कुंभकर्ण के पुतले भी



जलता हुआ रावण।

तैयार किए थे। रावण दहन में साज-सज्जा तथा आतिशबाजी के साथ दशहरा पर्व धूम-धाम से मनाए जाने की चर्चा क्षेत्र में होती रही। गांव-गांव से आए लोगों ने दशहरा उत्सव कार्यक्रम का जमकर लुप्त उठाए। दशहरा उत्सव मैदान के चारो तरफ खिलौने, गुपचुप-चाट व अन्य मनोरंजन के साधन के अलग-अलग पंडाल लगवाए गए थे। दोपहर 12 बजे से ग्रामीण क्षेत्र के लोग दशहरा कार्यक्रम देखने शहर पहुंचने लगे एवं दोपहर 3 बजे से ही पूरा शहर लोगों से भर गया। दशहरा कार्यक्रम के दौरान लोग परंपरा के अनुसार सोनपत्ती भेट कर दशहरा पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। दशहरा पर्व के दिन नीलकंठ को देखना शुभ माना जाता है, जिसे देखने के लिए लोग ललायित नजर आए। भारी भीड़ के चलते यातायात का दबाव हाईस्कूल के पास से लेकर पुराना बस स्टैंड तक रहा। नगर का दूसरा प्रमुख कार्यक्रम बड़ा बाजार में था, जहां शाम 7 बजे 40 फीट उंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। दाऊपारा में श्रीराम दशहरा उत्सव समिति के द्वारा 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। नगर के हर चौक-चौराहों, मोहल्लों में रावण का पुतला बनाकर दहन किया गया। शक्ति के प्रतीक इस त्योहार में लोग शस्त्र की भी पूजा करते है। विजयादशमी के अवसर पर नेवक्ष खाने की प्रथा भी निभाई गई।

### मिट्टी के रावण को लाठी से मारने की परंपरा

दशहरा पर्व के दौरान पेंडाराकापा के मालगुजार गोवर्धन परिवार के द्वारा मिट्टी का रावण तैयार कर यादवों के द्वारा लाठी से पीट पीट कर वध करने की परंपरा निभाई गई। दशहरा उत्सव मैदान में गोवर्धन परिवार के द्वारा 5 फीट के मिट्टी के रावण बनाकर लाठी से वध किया गया एवं इसके मिट्टी के टुकड़े को चुना गया।

## श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी निकाल कर किया गया रावण वध

**सेतगंगा-मुंगेली।** धर्म नगरी सेतगंगा में दशहरा पर्व अत्यंत हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। सेतगंगा में विजयादशमी का मेला आयोजित हुआ। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व अत्यंत धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया। सायंकाल लगभग 5-6 बजे श्रीराम जी की भव्य झांकी निकाली गई, जिसमें लक्ष्मण, जामवंत, सुग्रीव, हनुमान जी और वानरी सेना जय श्री राम के जयघोष कर रही थी। झांकी अद्वितीय, पौराणिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक, और 11वीं शताब्दी प्राचीन श्रीराम मंदिर से नगर के गली चौक चौराहा होते हुए रावण मैदान पहुंची। जगह-जगह श्रीराम की भव्य झांकियों का आतिशी स्वागत किया गया। श्रीराम व लक्ष्मण ने रावण के पुतलों पर अग्नि बाण छोड़े, बाण लगते ही पुतला धूं-धूं कर जलने लगा। रावण के मरते ही पूरा वातावरण जय श्रीराम की जयघोष से गूंज उठा। नगर में विजयादशमी मेला देखने के लिए परिक्षेत्र से अपार भीड़ उमड़ी। पर्व पर अपने-अपने परिजनों, इष्ट मित्र से गले मिलकर सोनपत्ती देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मेले में बच्चों व महिलाओं ने सामान खरीदी कर, समोसा, जलेबी पेड़ा, रसगुल्ला, चाट, रेवड़ी का स्वाद लिया। बच्चों ने झूले चरखा का सवारी कर लुप्त उठाया। इस अवसर पर पंडित दीनानाथ उपाध्याय, महंत राधेश्याम दास, देवलाल केशरवानी, अक्षय देवांगन, रामजी शर्मा, नरेंद्र शर्मा, संतोष देवांगन, नरेंद्र सोनी, रमाकांत सोनी, प्रमोद सोनी, राम कुमार निषाद, राजकुमार चौहान सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## उत्साह के साथ मना दशहरा, आज निकलेगी कलश यात्रा



**मल्हार।** असत्य पर सत्य का जीत का पर्व विजयादशमी क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। नगर पंचायत प्रशासन ने मेला ग्राउंड में 30 फिट का रावण दहन किया, जिसे देखने नगर के अलावा आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मेला परिसर में मिठाई, खिलौने, मनिहारी एवं चाट-गुपचुप सहित 2 सौ से ज्यादा दुकानें सजाई गई थीं। परम्परानुसार शाम 6 बजते ही भगवान राम व लक्ष्मण की जोड़ी मेला स्थल पहुंची, जहां रावण के साथ भगवान की भीषण युद्ध व आतिशबाजी हुई एवं रावण दहन किया गया। रावण के पुतले में लगे पटाखों से पूरा परिसर गूंज उठा। रावण दहन के बाद लोगों ने भगवान पातालेश्वर महादेव मंदिर में सोनपत्र चढ़ाकर आशीर्वाद लिया एवं एक-दूसरे से गले मिलकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। लोगों के घर पहुंचने पर महिलाओ ने आरती उतारकर दही का तिलक लगाया व आशीर्वाद दिया।

साथ ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन दही बड़ा, चौसेला, पूड़ी, बोबरा, खीर आदि का भोग लगाकर परिवार सहित लुफ्त उठाया। रावण दहन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील चौबे, पार्षद आशुतोष वर्मा, मिथुन यादव, मिलुराम कैवर्त, रंजन साहू, रमेश यादव, मनराखन कैवर्त, राजकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की कमान चौकी प्रभारी ओंकार धर दिवान ने अपने जवानों के साथ संभाली। प्रत्येक नवरात्र के बाद नगर में भव्य रूप से ज्योतिकलश निकालने की परंपरा है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए आज मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर से शाम 4 बजे कलश यात्रा निकलेगी, जिसमे 5 सौ से ज्यादा महिलाए व युवतियां शामिल होंगी। नगर भ्रमण करते हुए कलश यात्रा भगवान पातालेश्वर महादेव पहुंचेगी, जहां पूजन के बाद खैया तालाब में जंवारा विसर्जन किया जाएगा।

## शस्त्र पूजन कर पुलिसकर्मियों ने लिया शांति व सुरक्षा का संकल्प



**सीपत।** दशहरा के अवसर पर सीपत थाना परिसर में परंपरागत तरीके से अस्त्र-शस्त्रों की पूजा-अर्चना की गई। थाना परिसर में उपलब्ध पिस्टल, कारतूस, बंदूक, इंसास, एसएलआर सहित विभिन्न हथियारों की साफ-सफाई कर उन्हें एक स्थान पर सजाया गया एवं पूजा की गई। आयुध पूजा की यह परंपरा दशहरा पर्व के साथ दशकों से जुड़ी हुई है। मान्यता है कि, शस्त्र केवल सुरक्षा और धर्म रक्षण के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं। विजयादशमी पर उनकी पूजा कर यह संकल्प लिया जाता है कि, उनका प्रयोग केवल सत्य, न्याय और जन-सेवा के लिए ही किया जाएगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने कहा कि, दशहरा पर्व पर अस्त्र-शस्त्रों की पूजा करना पुलिस विभाग की परंपरा का हिस्सा है। हम सभी अस्त्र-शस्त्रों को मां दुर्गा के चरणों में समर्पित कर यह संकल्प लेते हैं कि, उनका प्रयोग केवल जनता की रक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही किया जाएगा। थाना प्रभारी ने सभी क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की बधाई देते लोगों से नशा रूपी बुराई को छोड़ने का आह्वान किया है। सभी ने शस्त्र पूजा के साथ शांति व सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान थाना प्रभारी के साथ एसआई, एएसआई सहित समस्त पुलिस के जवान उपस्थित रहे।

## हजारों की भीड़ ने देखा असत्य पर सत्य की जीत का नजारा

**सीपत।** अंचल में असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। सीपत के सब्जी मंडी मैदान में हजारों लोगों की मौजूदगी में 25 फीट ऊँचे रावण का वध कर श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया।

अतिथि के रूप में सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर और जनपद सदस्य मनोज खरे , उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू ने जनप्रतिनिधियों व पंचों के साथ मिलकर रावण का दहन किया। उनके साथ संदीप खरे , प्रेम खरे, लच्छी वर्मा, नीटू खरे, गोपीचंद वर्मा, कपूरचंद लास्कर सहित सभी 20 वार्डों के पंच शामिल रहे। टीआई गोपाल सतपथी ने श्रीफल तोड़ा। जैसे ही दशानन का पुतला धू-धू कर जलने लगा, आसमान आतिशबाजियों की चमक से रोशन हो उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। भीड़ में मौजूद



हजारों लोगों ने आतिशबाजी के अद्भुत नजारे का आनंद लिया। इसी तरह गुप्ता मोहल्ला, देवनाथ भवन, भोई मोहल्ला सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर भी बच्चों और युवाओं ने रावण के पुतले बनाकर दहन किया। कई स्थानों पर सामाजिक स्तर पर भी दशानन वध के कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हमें भगवान श्रीराम की शिक्षाओं और आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में उतारना चाहिए। सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार ने कहा कि पर्व हमें जीवन में नई सीख देता है, इसलिए सभी को श्रीराम जी के आदर्शों पर चलना चाहिए। रावण दहन के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने परिवारों के साथ देवी मंदिरों में पहुंचे, जहाँ परंपरा के अनुसार सोंपत्ति अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। घर-घर में आरती उतारी गई और सोंपत्ति भेंट की परंपरा निभाई गई। पूरे आयोजन में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने में सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी व उनकी पुलिस टीम का विशेष योगदान सराहनीय रहा।

## रावण बुराई और भगवान राम आदर्श के प्रतीक

**तखतपुर।** बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा यह बताता है कि, आदर्श जीवन ही इस संसार में पूज्यनीय हैं। अहंकारी रावण का संहार करने के लिए प्रभु श्रीराम ने लंका पहुंचकर उसकी लंका को जला दिया था। रावण बुराई का प्रतीक है, और भगवान श्री राम आदर्श के प्रतीक हैं।

उक्त बातें राजपूत क्षत्रीय समाज द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कही। पूर्व नपा उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह ने कहा कि, विजयदशमी इस बात का प्रतीक है कि, असत्य और अहंकार चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, अंत में सत्य और धर्म की जीत होती है। कार्यक्रम का संचालन रोहन सिंह ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जगजीत सिंह



मक्कड़, कोमल सिंह, गोरे सिंह ठाकुर, नर्मदा ठाकुर, नैन लाल, सुरेश सिंह, अनिल सिंह, रोहन सिंह, आत्मजीत सिंह, दिनेश राजपूत, लक्ष्मी गुप्ता, कुलवंत सिंह, बाला सिंह, चंद्रप्रकाश देवांगन, जशप्रीत हुरा, इस्लाम अंसारी, शैलेन्द्र निर्मलकर, कैलाश देवांगन, आशीष सग्गर, आयुष ठाकुर, अजय देवांगन, विक्रम सिंह ठाकुर, दिलीप तोलानी, अमित मंदानी, निरंजन सिंह क्षत्री, उमर कुरेशी आदि मौजूद रहे।

**गुप्ता समाज ने किया रावण दहन-** रावणभांठा प्रांगण में गुप्ता समाज की ओर से भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बसंत गुप्ता ने रावण दहन किया। इस अवसर पर लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता, भगवती गुप्ता, बसंत गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राजू गुप्ता, कृष्ण कुमार साहू, ईश्वर देवांगन, देव सिंह ठाकुर, संतोष गुप्ता, बल्दाऊ गुप्ता, विष्णु गुप्ता, बबलू गुप्ता, अतुल गुप्ता, बलराम गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एसपी ने शस्त्र पूजा कर की शक्ति और विजय की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने विजयादशमी पर्व पर शस्त्र एवं उपकरणों की पूजा कर सूरक्षा, शक्ति और विजय की कामना की। विजयादशमी पर पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा कर जनता की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पुलिस विभाग की ओर से 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व पर रक्षित केंद्र में शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया।

विजयादशमी पर्व पर पुलिस विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष शस्त्र पूजा की जाती है। यह सदियों पुरानी परम्परा है, जो आजादी के पहले से ही पुलिस थानों मे मनाई जाती है। पुलिस बल की शक्ति व सूरक्षा को बनाए रखने का प्रतीक है। दशहरा बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत पर्व है। मान्यता है कि, इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त थी। इसलिए दशहरे की इस पर्व को विजयदशमी के नाम से भी जानते हैं। एक मान्यता यह भी है कि, इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का भी वध किया था। इसलिए विजयदशमी के दिन शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। 2 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने रक्षित केन्द्र मुंगेली मे पारंपरिक विधि-विधान के साथ पुलिस के हथियार, उपकरणों व वाहनों की पूजा की गई। शस्त्र पूजा कर सूरक्षा, शक्ति और विजय प्राप्ति की कामना की गई। पुलिस के अन्य जवानों तथा अधिकारियों ने भी शस्त्रों एवं पहनो को बेहतर ढंग से सजाकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। अंत में मुंगेली पुलिस अधीक्षक ने परपंरा अनुसार रखिया कद्दु को काटकर हवाई फायरिंग की एवं वाहनों की पूजा-अर्चना कर जनता की सुरक्षा का संकल्प लिया गया।



शस्त्र पूजा करते पुलिस अधिकारी।

**एसपी ने जिलेवासियों को दी बधाई:** एसपी भोजराम पटेल ने जिलेवासियों को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, विजयदशमी पर्व आपके जीवन में खुशियां लेकर आए। दशहरा असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है, इस अवसर पर हमें अपने अंदर के रावण को मारकर राम को जगाना चाहिए। साथ ही उन्होंने लोगों से दशहरा को शांति एवं सुरक्षित ढंग से मनाने की अपील की। कार्यक्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी, पथरिया अनुविभागीय अधिकारी नवनीत पाटिल, उप पुलिस अधीक्षक एसआर घृतलहरे, यातायात एवं नक्सल उप पुलिस अधीक्षक संजय साहू, रक्षित निरीक्षक नरगिस ख्रिस्ट तिग्गा बघेल एवं जिले के थाना प्रभारी व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## नवजीवन क्लब के दशहरा उत्सव में शामिल हुए साव




**लोरमी।** पूरे देश मे विजायदशमी का पर्व उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। हिन्दू संस्कृति में यह एक ऐसा त्योहार है, जिसमें परंपरागत तरीके से रावण के पुतले का दहन एक दुसरे को बधाई देकर बजुर्गों का आशिर्वाद लिया जाता है। नगर में नवजीवन क्लब के तत्वाधान में 48 वर्षो से परंपरागत तरीके से दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाता है।इस वर्ष आयोजित दशहरा उत्सव कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ में रावण दहन के साथ रामायण के किरदारों को जीवंत झांकियां निकालकर दशानन का पुतला दहन करते हैं। दक्षिण छत्तीसगढ़ बस्तर दशहरा पूरे विश्व मे अलग पहचान है। नीलकंठ एवं सोनपत्ती का महत्व- विजयादशमी पर्व पर सुबह नीलकंठ का दर्शन शुभ माना जाता है। मान्यता है कि, इस दिन नीलकंठ के देवतुल्य के रूप में दर्शन देते हैं।


विंध्यवासिनी दुर्गोत्सव समिति।


इंदिरा दुर्गोत्सव समिति गांधी चौक।


श्री आदर्श दुर्गोत्सव समिति जूना बिलासपुर।


महिमा दुर्गोत्सव समिति।


दयालबंद दुर्गोत्सव समिति।


रेलवे कंस्ट्रक्शन कालोनी दुर्गोत्सव समिति।


दुर्गोत्सव समिति दयालबंद।


मॉं दुर्गोत्सव समिति सूर्या चौक।


मॉं जगदम्बा दुर्गोत्सव समिति जूना बिलासपुर।


मसानगंज दुर्गोत्सव समिति।

### गुम हुए मोबाइल मिलने पर लोगों के चेहरे खिल गए

# पुलिस ने लोगों के गुम हुए 16 लाख के 100 मोबाइल लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने आपकी एक आस, आपकी अमानत आपके पास के तहत गुम हुए 100 लोगों के 16 लाख का मोबाइल लौटाया। गुम हुए मोबाइल मिलने पर लोगों के चेहरे खिल गए।

एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल गुमने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए गुम मोबाइल की तलाश कर संबंधितों को वापस करने का आदेश दिया था। एसीसीसू प्रभारी एडीशनल एसपी अनुज कुमार के मार्गदर्शन में एसीसीयू अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा चेतना अभियान चलाकर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट से 100 नग मोबाइल बरामद किया गया है। 2 अक्टूबर को एसएसपी श्री सिंह ने मोबाइलधारकों को उनका मोबाइल वापस किया है। वापस किए गए मोबाइल कीमत 16 लाख रुपए है। मोबाइल वापस पाने की आस छोड़ चुके व्यक्तियों को जब उनका मोबाइल वापस किया गया वे लोग काफी खुश हुए और पुलिस विभाग के चेतना अभियान की सराहना करते हुए पुलिस अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।


पुलिस लाइन में चोरी हुए मोबाइलों का वितरण करते एसएसपी।


आरोपियों से जब्त मोबाइल।

#### नए तरीके डिजीटल अरेस्ट की दी जानकारी

एसीसीयू में पदस्थ एसआई प्रभाकर तिवारी के द्वारा वर्तमान में प्रचलित सायबर ठगी के नए प्रारूप डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटार्शन, वीडियो कालिंग के माध्यम से, वाट्सएप की डीपी बदलकर ठगी करने, बिटकाईन, टूरिज्म प्लॉन के नाम पर, कस्टमर केयर के नाम पर, आनलाइन लोन एप व अन्य तरीकों से किए जाने वाले ठगी के बारे में जानकारी एवं बचने के लिए उपाए साझा किए गए।

#### इनकी रही प्रमुख भूमिका

गुम मोबाइल को बरामद करने में एसीसीयू के टीआई अजहरुद्दीन, प्रधान आरक्षक आतिश पारिक, राहुल सिंह, आरक्षक राघवेंद्र साहू, प्रशांत राठौर, प्रशांत सिंह, विकास राम, मुकेश वर्मा, सतीश भाद्वाज, नवीन एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## एनटीपीसी ने दिया संदेश सफाई मित्र सम्मानित


महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती कार्यक्रम में उपस्थित अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनटीपीसी सीपत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसका उद्देश्य स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छ भारत के प्रति जागरूकता और संदेश का प्रसार करना था। प्रभात फेरी के पश्चात टाउनशिप परिसर में आयोजित समारोह में परियोजना प्रमुख ने दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित जनों को स्वच्छता शपथ दिलाई। श्री पाण्डेय ने महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने स्वच्छोत्सव थीम पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने दोनों महापुरुषों के योगदान, कार्यों, देश के प्रति समर्पण की भावना तथा उनके विनम्र एवं वास्तविक नेतृत्वकर्ता होने के स्वभाव का भी उल्लेख किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाईमित्रों को

- **स्वच्छता पखवाड़ा पर एनटीपीसी के कर्मचारियों ने की साफ सफाई**

परियोजना प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जयंती पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सीपत सब्जी हाट में विशेष सफाई अभियान संचालित हुआ। इन सभी कार्यक्रमों में परियोजना प्रमुख के साथ मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) स्वप्न कुमार मंडल, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) सुरोजीत सिन्हा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) जयप्रकाश सत्यकाम, सीआईएसएफ के उप कमांडेंट कपिल सुधाकर कामडी आदि शामिल हुए।

## स्वदेशी स्वाभिमान, स्वराष्ट्र का बोध कराता है: डॉ. जितपुरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार जनों ने नगर स्थित महामाया खादी आश्रम पुराने बस स्टेंड में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर स्मरण कर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित कर स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शकुंतला जितपुरे ने की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी को स्वतंत्रता की लड़ाई का आधार बनाया था । स्वदेशी एक वैचारिक.व्यावहारिक विषय है यह स्वाभिमान एवं स्वराष्ट्र का बोध कराता है। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने कहा महर्षि अरविंद, लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी ने दृढ़तापूर्वक स्वदेशी अपनाकर पूरे देश को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया । उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की तरह अनुशासित, ईमानदार नागरिक बने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप स्वदेशी वस्तुएं ख़रीदें देश को स्वावलंबन बनाए अपनी अर्थव्यवस्था के लिए पोषक बने । उन्होंने स्वदेशी, स्वराष्ट्र, स्वभाषा, स्व वेशभूषा, स्व संस्कृति, स्वधर्म अपनाने की शपथ भी करवाईं। सभी सेनानी उत्तराधिकारियों ने महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ शकुंतला जितपुरे, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, योगेश तिवारी, डॉ उषा किरण बाजपेयी, संजय तिवारी, अशोक रंजन वर्मा, कुमुद वर्मा, सोनम साहू, आरती साहू, कुंज बिहारी मिश्रा, किरण शुक्ला, अखिलेश बाजपेयी, अमित कुमार, प्रमोद मिश्रा, लवकुश दिवेदी, रमेश श्रीवास, संजीव सिन्हा, डॉ शिवनाथ श्रीवास, किशन यादव, सुयश मिश्रा, ऋषि मिश्रा, राम नारायण पटेल आदि मौजूद थे।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में नक्ष खेलेगी

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय 24वीं अंडर–13 बैडमिंटन सिंगल्स प्रतियोगिता में नक्ष निर्विकार सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में केवल राज्यों के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ही भाग लेने की अनुमति होती है। नक्ष निर्विकार सिंह, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में कार्यरत मुख्य वाणिज्य निरीक्षक निर्विकार सिंह के सुपुत्र हैं,उनकी इस सफलता से परिवार के साथ-साथ पूरा रेलवे परिवार गौरवान्वित है। वे शुरूसे ही प्रतिभाशाली रही है। इससे पहले भी वह कई प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है।

**नशामुक्ति का दिया संदेश...**



गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर में गुरुवार को रैली निकालकर समाज नशा से मुक्त हो का संदेश दिया गया।

## भीतर के रावण पर विजय का पर्व है दशहरा : मंजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



ब्रह्माकुमारीज़ शिव अनुराग भवन द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी व सहस्त्र ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल सहित अनेक लोगों ने झांकी दर्शन का लाभ लिया।

इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारी मंजू दीदी ने विजयादशमी पर्व का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए बताया कि असली रावण कोई बाहरी नहीं बल्कि मन के दस विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, आलस्य, छल और हठ ही हैं। इन्हीं पर विजय प्राप्त करना ही सच्चे दशहरे का संदेश है।

दीदी ने कहा कि नवरात्रि के नौ दिन सात्विक भोजन, सात्विक विचार और सात्विक दिनचर्या से आत्मा की ज्योति प्रज्वलित करने का अभ्यास है। यदि इनको जीवन का स्थायी हिस्सा बनाया जाए तो आत्मा रूपी दीपक अखंड रूप से प्रकाशित रह सकता है। परमात्मा को स्मरण कर आत्म-अभिमानी स्थिति में रहने से ही मन का अंधकार मिटता है और सच्ची विजय प्राप्त होती है। दशहरे का वास्तविक अर्थ है बाहर के पुतलों को जलाने से पहले भीतर के विकारों का दहन करना।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:–9165 411411

## खबर संक्षेप

### तोमरवंशी गर्ग गोत्रज का पारिवारिक मिलन समारोह



**मुंगेली।** राजपूत तोमरवंशी गर्ग गोत्रज का पारिवारिक मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ वैष्णवी मंगलम में सम्पन्न हुआ। रामकुमार सिंह की ओर से आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह में सभी क्षेत्र से तोमर शामिल हुए। मिलन समारोह की शुरूआत कुल देवी की पूजा एवं कुल पुरुषों की स्मृतियों को नमन करने के साथ हुई। इसके पश्चात कार्यक्रम में सभी अपना परिचय देकर बारी-बारी से अपने-अपने विचारों को प्रस्तुत किया एवं तोमर की शौर्य गाथा, वीरता, संघर्ष को दोहराया गया। वंश वृक्ष की याद दिलाते हुए कहा गया कि, हम चाहे कितनी भी शाखाओं में विभाजित हो जाएं हमारी जड़ें एक ही हैं। इसी एकता के साथ तोमर वंश वृक्ष वंशावली के संयोजक उत्तम सिंह तोमर का पुण्यतिथि 11 नवंबर को झलियापुर मनाने के लिए सभी ने समर्थन किया। कार्यक्रम में तोमर परिवार के लोग शामिल रहे। उक्त जानकारी प्रभात सिंह तोमर ने दी।

### वन भूमि पर अवैध उत्खनन, एक ट्रैक्टर जब्त कर की गई कार्रवाई

**लोरमी।** वन परिक्षेत्र खुड़िया के चचेड़ी परिसर कक्ष



क्रमांक 493 ग्राम झलरी में मनियारी नदी में अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया।प्रारंभिक जांच में पाया गया कि, वन भूमि पर बिना अनुमति रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था, जो भारतीय वन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। वाहन को कब्जे में लेकर वन अपराध क्रमांक 19831/4 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपियों की पड़ताल शुरू की गई। वन मंत्री ने कहा कि, वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। वनमंडल अधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि वन संसाधनों की सुरक्षा वन विभाग की प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वन विभाग आमजन से अपील करता है कि, वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल निकटतम वन कार्यालय-अधिकारी को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### अमलेश बने सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर अमलेश पाली निर्वाचित हुए। संगठनात्मक चुनाव मे अमलेश निर्विरोध निर्वाचित हुए। ढोलालाल पटेल शतानंद साहू कृष्णा कौशिक अरुण प्रजापति चुनाव अधिकारी रहे।चुनाव संपन्न होने पद पश्चात अमलेश पाली ने शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शिक्षकों के संगठन में उसकी मजबूती के लिए शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, एक नई कार्ययोजना बना कर संगठन का संचालन करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज पवार, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रदेश महामंत्री हिमांचल साहू प्रांतीय महामंत्री अश्वनी कुर्रे जिला उपाध्यक्ष राकेश डहरे ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत जांगड़े शशिकांत सोनी तहसील अध्यक्ष जयप्रकाश मानिकपुरी शब्बीर अंसारी ओमप्रकाश देवांगन गिरीश कश्यप मनोज पटेल अनीश कौशिक विक्रम राजपूत रविन्द्र खूंटे पुरुषोत्तम कौशिक आलोक बाजपेई रामभुवन यादव गोवर्धन टंडन मनोज माहेश्वरी मनोज श्रीवास नीरज साहू शेखर पाण्डेय भूपेन्द्र कौशिक प्रतीत कश्यप महेन्द्र सिंगरौल सहित भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे।

## सड़क पर कीचड़ और गंदगी से परेशान हैं नगरवासी

# बरेला पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का अभाव





बरेला पंचायत की गलियों में फैला कचरा एवं कच्चे मार्ग पर कीचड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

नगर पंचायत बनने के बाद लोगों को लगा कि नगर में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी लेकिन नगर की हालत बदतर होती जा रही है।

ग्राम पंचायत में सरपंच को वित्तीय अधिकार होता है पर नगर पंचायत में वित्तीय अधिकार सीएमओ के पास रहता है, जिनके कारण अध्यक्ष केवल समस्या गिना सकता है समस्या का समाधान करने सीएमओ के पास जाना पड़ता है, नतीजन नगर में हो रही परेशानी को देखकर भी सीएमओ उदसीन हैं। नगर पंचायत से मिडिल स्कूल जाने के रास्ते पर कीचड़ ही कीचड़ है। शिशु मंदिर तथा शासकीय मिडिल स्कूल तक पहुंचने छात्र छात्राओं को कीचड़ से सराबोर होकर गुजरना पड़ता है इसकी जानकारी अभिभावकों द्वारा नगर पंचायत में दी जा चुकी है पर इस ओर देखकर भी पंचायत के अधिकारी अनजाने बने हुए हैं। नगर वासियों ने बताया कि किसी भी पेंडिंग कार्य को लेकर जाते हैं तो जनता को चलता कर दिया जाता है। जिनके कारण आम जन में आक्रोश बढ़ रहा है। सीएमओ रोजाना कार्यालय नहीं पहुंच पाते जिसके कारण लोग छोटे छोटे कार्य के लिए भटकते रहते हैं। नगर में जगह जगह नाली से बदबू आ रही है। नगर के अनेक वार्डो में सफाई नहीं हो रही है। कचरे का ढेर बना हुआ है।

### पार्षदों ने कलेक्टर का दरवाजा खटखटाया

नगर में हो रही अनियमितता एवं सीएमओ की उदासीनता से क्षुब्ध होकर पार्षदों ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की थी। कलेक्टर ने जेडी को नगर पंचायत बरेला की समस्या का समाधान करने निर्देश दिया। पार्षदों का कहना है कि जेडी नगर पंचायत बरेला आए थे उनके द्वारा समझाइश दी गई थी पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### वित्तीय अधिकार नहीं

नगर में अनेक समस्या है। नगर अध्यक्ष होने के नाते परेशानी को लेकर लोगों का आना स्वाभाविक है। समस्या के समाधान के लिए वित्तीय अधिकार का होना अनिवार्य है। वित्तीय अधिकार सीएमओ के पास है। वे समस्या को बताने के बावजूद समाधान करने में रुचि नहीं दिखाते।

**नरेश पटेल**, अध्यक्ष नगर पंचायत बरेला

### फंड जारी नहीं हुआ

नगर में साफ सफाई कराने तथा कीचड़ को साफ कराकर सड़क बनाने के लिए अभी फंड जारी नहीं हुआ है। जब फंड मिलेगा काम कराया जा सकेगा।

**नरेश महिष**, सीएमओ, नपा बरेला

### जीएसटी कम होने से निम्न व मध्यम वर्गीय परिवारों को ज्यादा राहत



**सेतगंगा/मुंगेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लगभग 300 से अधिक वस्तुओं में जीएसटी कम कर निम्न व मध्यम वर्गीय परिवारों को ज्यादा राहत दी है। ये बातें विधायक पुन्नूलाल मोहले ने सेतगंगा में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने दुकानों में भ्रमण कर जीएसटी में कमी से लाभ आदि पर दुकानदारों और ग्राहकों से भी बातचीत की। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, प्रदेश अजा मोर्चा उपाध्यक्ष मानिकलाल सोनवानी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व अध्यक्ष शैलेश पाठक, प्रदेश अजा मोर्चा उपाध्यक्ष मानिकलाल सोनवानी, श्रीमती रजनी सोनवानी, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, डॉ. सुरेश केशरवानी, द्वारिका जायसवाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला कोषाध्यक्ष सोम वैष्णव, भागीरथी यादव, मण्डल अध्यक्ष सुखचंद साहू, रामकृष्णा देवागन, नंदकुमार सिंह, शिवकुमार बंजारा, राकेश साहू, माधो सिंह, लाला राम साहू, शिवकुमार उपाध्याय, दाताराम गबेल, रामशरण यादव, नरेन्द्र सिंह, जगमोहन मिरी, लवलेश सिंह, त्रिवेन्द्र जोगवंशी, हरिभजन सिंह, रमेश सोनवानी, जय देवांगन, हीरा सिंह, लाला ईश्वरी कश्यप सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वच्छता के लिए दिलाई शपथ, स्वदेशी अपनाने लोगों को किया जागरूक



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत महामाया मंदिर परिसर एवं कार्यालय परिसर में स्वच्छता शपथ एवं स्वदेशी शपथ ली गई। इस दौरान नगर की साफ सफाई के साथ अपने घरों में स्वच्छता अपनाए साथ ही स्वदेशी चीजों का इस्तेमाल करने प्रेरित किया गया।

शपथ कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि केवल शपथ लेने मात्र से नगर में स्वच्छता नहीं आएगी। इस पर अमल करना अनिवार्य है। पहले अपने घरों के साथ आसपास को साफ सफाई करें ताकि नगर में गंदगी न हो जिससे नगर में स्वच्छता बने रहेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल नगर के वरिष्ठ व्यापारी घनश्याम अग्रवाल मंडल अध्यक्ष जरहागांव नागेश्वर जायसवाल एवम पार्षद संजय धुरी, बंटी सेमरिया, संजय निर्मलकर, नितेश पटेल, विजय दीवान, बबलू पटेल, जया रमेश पटेल, हीरालाल पटेल, मुन्नी पवन पटेल, पिंटू धुरी, जगदीश साहू, राजकुमार साहू, पिंकी गजानंद निर्मलकर, एवम अन्य तथा नगर पंचायत कर्मचारी विकास कौशिक, बलदेव सिंह श्याम सुंदर, मंगलू धुरी, ,नोहर सिंह ठाकुर,सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पहल संध्या कार्यक्रम में सायबर फ्रॉड से बचने किया गया जागरूक

**मुंगेली।** लोगों को जागरूक करने नवरात्रि त्योहार को देखते हुए पहल टीम द्वारा पहल संध्या का आयोजन किया जा रहा।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा संचालित ''पहल जन जागरूकता अभियान'' के अंतर्गत' पहल संध्या कार्यक्रम में आम नागरिक एवं स्कूल विद्यार्थी द्वारा मंच साझा करने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। आगर खेल मैदान आजाक थाना मुंगेली के पास जनजागरुकता लाने लगातार 25 सितम्बर से पहल संध्या का सफल आयोजन किया जा रहा है। पहल संध्या कार्यक्रम' जिसमें विभिन्न अपराध, साइबर धोखाधड़ी, मोबाइल और ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित अपराधों और समाज में व्याप्त विभिन्न कुप्रथाओं के विरुद्ध व्यापक जागरूकता प्रदान की जा रही है। अभियान का मुख्य फोकस साइबर सिक्योरिटी, 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी, पास्को एक्ट, महिलाओं की सुरक्षा और मोबाइल फोन के माध्यम से होने वाले धोखाधड़ी से बचाव, यातायात नियमों को अपनाने,



नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने नहीं देना और पालतू पशु जिसे पशु मालिक किसान भाइयों के द्वारा अपने उपयोग में लाने पश्चात बाहर रोड में खुला छोड़ देते हैं, जिस कारण एक्सिडेंट की संभावना बनी रहती है, उन्हें भी इस'पहल संध्या कार्यक्रम द्वारा पालतू पशु अपने घर में रखे उन्हें बाहर न छोड़े, गौ माता बोलने से नहीं उनकी सेवा करने और पालने से है की अपील कर जागरूक रहने जानकारी दी गई' और जागरुकता के साथ साथ पुलिस कर्मचारी और पुलिस परिवार द्वारा जागरूकता के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जा रहा है। पुलिस द्वारा किया जा रहा एक नया कार्यक्रम और एक नई 'पहल' आम जनता के मन को मोह रहा है।

## सरपंच ने चलाया स्वच्छता अभियान स्कूल के सामने जमा गंदगी हटाई



**लोरमी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता ही सेवा अभियान से प्रेरणा लेकर, उप मुख्यमंत्री अरुण साव के आह्वान पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत मसना में मसनी स्कूल परिसर के सामने नाली सफाई की गई।

इसके लिए सरपंच ने फावड़ा चलाया। गांव वाले पंच भी साथ आए। लगभग एक घंटे सेवा कार्य चला। बच्चों के आने जाने वाले सड़क पर कीचड़ जमा हो गया था। छोटे छोटे बच्चों की परेशानियों, किसानों के खेत जाने वाले रास्ते पर भी अवरोध हो रहा था इसको देखते हुए जनप्रतिनिधि ने स्वयं हाथ में कुदाल उठाया और कीचड़ साफ करने आरंभ किया। देखते देखते पंच, ग्रामीण और युवा साथ आते गए और सामुदायिक स्वच्छता अभियान चल पड़ा। पूरे कीचड़ को साफ कर व्यवस्थित बना दिया गया। सरपंच ने पक्की नाली निर्माण कर पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने, घरों में सोख्ता गड्ढे बनवाने, कूड़े करकट के सुरक्षित निपटारे, प्लास्टिक हटाने जैसे मुद्दे स्वच्छता के लिए जरूरी कदम बताए। इस अवसर पर पंच और ग्रामवासी ने स्वेच्छा से स्वच्छता अभियान में

## 25 उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्षगांठ के अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मुंगेली में उत्कृष्ट पंचायत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय एवं जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जनपद सीईओ राकेश साहू, पवन पाण्डेय, पुष्पलता पद्मनी मोहले उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत मुंगेली की कुल 25 पंचायतों को विभिन्न योजनाओं में उल्लेखनीय कार्य करने पर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें 5 पंचायतों को आवास योजना, 5 पंचायतों को मनरेगा अंतर्गत मोर गांव-मोर पानी अभियान, 5 पंचायतों को स्वच्छ भारत मिशन, 5 पंचायतों को पंचायत अभिलेख संधारण और 5 पंचायतों को बिहान योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र, सक्रिय महिला, लखपति दीदी और स्वच्छग्राही सहित कुल 125 लोगों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए



प्रशस्ति पत्र प्रदान करते जिला पंचायत अध्यक्ष

गए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर राज्य के विकास की यात्रा पर भी चर्चा हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सन 2000 में राज्य गठन के बाद से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने गरीबी, अशिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने किसानों की आय में वृद्धि, वनवासियों और ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव, महिलाओं की भागीदारी से सामाजिक परिवर्तन और उद्योग-निवेश की नई संभावनाओं को राज्य की बड़ी उपलब्धियों के रूप में रेखांकित किया। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष प्रतिभागी शामिल रहे।

**2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान**

## जनजातीय क्षेत्र की 87 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**लोरमी।** भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वस्थ नारी, सशक्त नारी अभियान का आयोजन किया रहा है। इसी के तहत जनजातीय क्षेत्र की महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापरक प्रसव पूर्व जांच सेवा उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि जिले के लोरमी विखं अंतर्गत जनजातीय क्षेत्र के 41 ग्रामों में वर्तमान में 87 गर्भवती महिलाएं पंजीकृत हुई हैं, इनमें से 15 जनजातीय गर्भवती महिलाओं के प्रेगनेंसी को उच्च जोखिम गर्भावस्था के रूप में पहचान की गई है। बीएमओ डॉ जीएस दाउ ने बताया 'स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' अंतर्गत इन 15 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का महिला चिकित्सक के माध्यम से एएनसी जांच एवं लोरमी के मातृ एवं शिशु अस्पताल में लाकर सोनोग्राफी भी कराई गई। साथ ही पंजीकृत 87 गर्भवती महिलाओं का एएनसी जांच कर गर्भावस्था में स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक परामर्श दिया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गिरीश कुर्रे ने बताया कि 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत क्षेत्र के स्कूलों में भी भ्रमण कर किशोरी बालिकाओं को मेंसुरल हाईजिन, स्वच्छता एवं साप्ताहिक आयरन और फोलिक एसिड अनुपूरण कार्यक्रम तहत दी जा रही है एवं नियमित सेवन के परामर्श दिए जा रहे हैं।

### कांग्रेस का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आज

**तखतपुर।** कांग्रेस पार्टी का द्वारा बढ़ती बिजली दर, खराब सड़क, जर्जर पुल के निर्माण एवं खाद की समस्या को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय धरना एवं बिजली आफिस घेराव कार्यक्रम का आयोजन 3 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे पुल के पास किया जाएगा। यह जनकारी नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने दी।

### श्रम विभाग का रजत जयंती सप्ताह का समापन

**मुंगेली।** श्रम विभाग की ओर से 12 से 19 सितम्बर तक रजत जयंती सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के ग्राम पंचायत भटगांव, झझपुरी कला, नगर पंचायत बरेला, ग्राम पंचायत पंडरभट्ठा एवं कुसुम स्मेल्टर्स, रामबोड़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सप्ताह के अंतर्गत 500 से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन, 50 हितग्राहियों का नवीनीकरण तथा 1 हजार से अधिक श्रमवीरों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 17 सितम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 1 हजार 692 श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया। विगत सप्ताह आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्रमिकों को "श्रमेव जयते" एप के माध्यम से स्वयं पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजना आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके साथ ही श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया। श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से यह आयोजन श्रमिकों के बीच जागरूकता और विश्वास बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ।

### साव ने की 6 गांवों में विकास कार्यों के लिए 66 लाख की घोषणा

## भाजपा सरकार गरीब व किसान के लिए कार्य कर रही

**लोरमी।** डिप्टी सीएम अरुण साव लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का सघन दौरा कर जन सवांद के जरिए सीधे ग्रामीणों से रूबरू हो रहे हैं। उसी क्रम में श्री साव ने ग्राम हरदी खेकतरा, खैरवारखुर्द, सेनगुड़ा, घठोली, गोल्हापारा, एवं गोड़खामहि में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली एवं समस्याओं के त्वरित निदान के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने अलग-अलग गांवों में विकास कार्यों के लए कुल 66 लाख देने की घोषणा की। उक्त राशि से ग्राम हरदी में 10 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, खैरवार खुर्द में 10 लाख की लागत से नाली निर्माण, सेनगुड़ा



में 10 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम घाठोली में 7 की लागत से सीसी रोड एवं 7 लाख की लागत से पक्की नाली निर्माण एवं 5 लाख की लागत से मंच ज्योति कलश कमरे का निर्माण किया जाएगा। साथ ही ग्राम गोलहपारा में 7 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, गोड़खाम्ही में 5 लाख की लगत से सीसी रोड निर्माण एवं 5 लाख की लागत से अन्य निर्माण कार्य किए जाएंगे। इस इवसर पर अरुण साव ने कहा कि, सरकार क्षेत्रीय विकास एवं आधारभूत संरचनाओं को मजबूत कर विकास की दिशा को आगे बढ़ा रही है। भाजपा की सरकार गांव गरीब, किसान, महिलाओं के विकास लिए कार्य कर रही है। जन चौपाल में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह,जिला पंचायत सभापति रत्ना काठले, अनीता साहू, जिपं उपाध्यक्ष शांति भास्कर, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, विनय साहू, गुरमीत सलूजा, विक्रम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू, लेखराज सिंह ठाकुर, धनीराम यादव, प्रदीप मिश्रा, विक्रम सिंह, रवि शर्मा, रामावतार राजपूत, महाजन जायसवाल, जनपद सदस्य प्रदीप गायकवाड़, दिनेश साहू, धनेंद्र राजपूत राजपूत महेंद्र खत्री, जनपद सदस्य दुमेश्वर बघेल, खैरवार खुर्द सरपंच बिंदु उतरा रात्रे, घठोली सरपंच ईश्वरी साहू शत्रुघ्न साहू, सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने जयंती पर पंडित दीनदयाल को किया याद

**पथरिया।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं एकात्मवाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने उन्हें याद करते हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। सार्वजनिक जगहों की साफ सफाई, एक पेड़ मां के नाम एवं उनकी जीवनी पर व्याख्यान प्रमुख रहा इसके अंतर्गत लौदा मण्डल में प्रभारी एवम भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने



ग्राम पुछली में आयोजित कार्यक्रम मे शामिल हुए और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पुछेली हाई स्कूल मैदान में आम का पौधा रोपे इसके पूर्व ग्राम जोता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र में माल्यार्पण कर ग्रामीणों को उनके जीवन परिचय बताते हुए प्रेरणा लेने की बात कही। ग्राम पुछेली और कूकुसदा में पौधरोपण किया गया। लौदा मण्डल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी ने इस अवसर पर कहा कि एक पेड़ मां के नाम सहित स्वछता पखवाड़ा देश के नागरिकों में पर्यावरण और स्वक्षता के प्रति जागरूकता लाने का काम कर रहा है।